पाठ - 6 चिट्टी का सफ़र

NCERT प्रश्नोत्तर :-

प्रश्न 1. गांधीजी को सिर्फ उनके नाम और देश के नाम के सहारे पत्र कैसे पहुँच गया होगा?
उत्तर: गांधीजी भारत में ही नहीं विदेशों में भी प्रसिद्ध थे। उनके बारे में सभी को पता होता था कि वे किसी खास समय। में किस स्थान पर हैं। इस कारण उनको सिर्फ उनके नाम और देश के नाम के सहारे पत्र पहुँच गया है।

प्रश्न 2. अगर एक पत्र में पते के साथ किसी का नाम हो तो क्या पत्र ठीक जगह पर पहुँच जाएगा?
उत्तर: निस्संदेह नाम और पता से पत्र ठीक जगह पर पहुँच जाएगा।

प्रश्न 3. नाम न होने से क्या समस्याएं आती हैं?
उत्तर: नाम न होने से डाकिए को यह पता करने में थोड़ा मुश्किल होता है कि पत्र किसका है। और हो सकता है उस आदमी की जगह किसी और के हाथ में पत्र पहुँच जाए।

प्रश्न 4.पैदल हरकारों को किस-किस तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ता होगा?
उत्तर: पैदल हरकारों को हर तरह की जगहों पर पहुँचना होता था। उन्हें डाक की रक्षा भी करनी होती थी। डाकू, लुटेरों या जंगली जानवरों की चपेट में आने का डर हमेशा बना रहता था।

प्रश्न 5. अगर तुम किसी को चिट्ठी लिख रहे हो तो पते में यह जानकारी किस क्रम में लिखोगे?
गली/मोहल्ले का नाम, घर का नंबर, राज्य का नाम, खंड का नाम, कस्बे/शहर/गाँव का नाम, जनपद का नाम नीचे दी गई जगह में लिखो। तुमने इस क्रम में ही क्यों लिखा?
उत्तर: • घर का नंबर • गली/मोहल्ले का नाम • खंड का नाम • कस्बे/शहर/गाँव का नाम • जनपद का नाम • राज्य का नाम
हमने पता इस क्रम में इसलिए लिखा क्योंकि पता लिखते समय छोटी भौगोलिक इकाई से शुरू करके बड़ी की ओर बढ़ा जाता है।